हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार, 8 दिसंबर 2024

13 स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करना हमारी पहली...



14 गौरघाट मड़ई में देवी-देवताओं के दर्शन...





PHOENIX®
श्री बालाजी स्केल
इलेक्ट्रॉनिक वजन तराजू और सिस्टम
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विक्रेता एवं सुधारक



डिगेन्द्र यादव - 9993001348
पता : देवांगन कॉम्प्लेक्स, छल्लानी पेट्रोल पंप के सामने, नवापारा, राजिम, मो. 9303991861

## खबर संक्षेप

### मैनपुर में युवा महोत्सव कल

**मैनपुर।** खेल एवं युवा कल्याण द्वारा विकासखण्ड युवा महोत्सव का आयोजन 9 दिसंबर को तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर पैरी उद्गम भाठीगढ़ में आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में 15 वर्ष से 29 वर्ष के महिला पुरूष प्रतिभागी भाग लेंगे। इस दौरान सामूहिक लोक नृत्य, सामुहिक लोकगीत, व्यक्तिगत नृत्य एवं गीत कहानी लेखन, चित्रकला,भाषण, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, कृषि इत्यादि का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी खेल एवं युव कल्याण के नोडल अधिकारी यशवंत बघेल ने दी।

### अस्पताल जा रहा युवक दुर्घटना में घायल

**महासमुंद।** सायकल से जिला अस्पताल जा रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि वार्ड 3 निवासी चमनलाल साहू 4 दिसंबर को अपने सायकल से दवाई लेने जिला अस्पताल महासमुंद जा रहे थे, जैसे ही वह प्रीमियम शराब दुकान के सामने करीब 11 से 11.30 बजे के बीच पहुंचे थे कि उसी समय पीछे से आ रही अज्ञात पिकअप वाहन के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से प्रार्थी के घुटने में चोट लगी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दो लोगों से करीब 30 किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने ओडिशा की ओर से बाइक में आ रहे दो लोगों के कब्जे से करीब 30 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ मामले नारकोटिक एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक काले रंग के पल्सर मोटर सायकल क्र. ओडी26बी2760 में दो व्यक्ति गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद उन्हें रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम मानव भोई पिता गजेंद्र भोई (24 वर्ष) निवासी कांडेतरा थाना कोमना जिला नुआपड़ा और दुष्मंत बाघ पिता धुरंधर बाघ (25 वर्ष) कांडेतरा थाना कोमना जिला नुआपड़ा ओडिशा का होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के बैग से 16 पैकेट गांजा वजनी 29.09 किलो ग्राम बरामद किया गया। पुलिस ने गांजा के अलावा आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, 400 रुपए नगद, एक बाइक कुल 6,47,200 रुपए का सामान बरामद किया।

### कार्यालय उद्घाटन में शामिल होंगे टेकाम

**महासमुंद।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के जिला कार्यालय, बीटीआई रोड बूढ़ादेव भवन के पास स्थित, का उद्घाटन 8 दिसंबर को 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड समाज व केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ आरएन ध्रुव शामिल होंगे।

# जाति प्रमाण पत्र अब आंबा केंद्रों से बनेंगे, तहसील कार्यालय के चक्कर से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अलग खबर

शहर में 6 साल या उसे कम उम्र के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र अब आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बनाए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक यह प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जिसमें हितग्राही को अपने बच्चों के दस्तावेज जमा करने होंगे। दस्तावेज आंगनबाड़ी सहायिका द्वारा तहसील कार्यालय में जमा किया जाएगा। इस योजना में हितग्राहियों को तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और न हीं च्वॉइस सेंटर के चक्कर लगाने पड़ेंगे। फॉर्म को ऑनलाइन करने का काम भी तहसील कार्यालय का होगा। मालूम हो कि पहले जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए हितग्राहियों को बहुत ही लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था।

पटवारी एवं तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे और यह चक्कर कोई एक-दो बार का नहीं होता था। कई-कई बार चक्कर लगाते चप्पल घिस जाता था। बता दें कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा मितान की नियुक्ति कर जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने की कोशिश की गई थी किंतु यह योजना ज्यादा दिन नहीं चली। चूंकि अब आंगनबाड़ी सहायिका-सहायिकाओं के माध्यम से प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी सहायिका अपने क्षेत्र में सक्रिय होते हैं एवं प्रत्येक घरों से उनकी जान-पहचान ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 6 साल तक के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र में नहीं लगेगा पैसा

#### यह दस्तावेज लगेंगे

शहर के वार्ड क्रमांक 21 में हितग्राही के दस्तावेज जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए जमा किए जा रहे हैं यह जानकारी देते हुए सहायिका ललिता सेन ने बताया कि बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति एवं बच्चों के पिता के आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ-साथ यदि परिवार के किसी सदस्य का जाति प्रमाण पत्र बन चुका है तो उसकी छाया प्रति लगानी होगी। पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के लिए वर्ष 1984 से पूर्व का रिकॉर्ड या दाखिला खारिज एवं अनुसूचित जाति, जनजाति-जाति प्रमाण पत्र के लिए वर्ष 1950 के पूर्व का रिकॉर्ड या दाखिला खारिज जमा करना अनिवार्य होगा। जाति प्रमाण पत्र के प्रारूप में सरपंच अथवा पार्षद के हस्ताक्षर कराने होंगे। साथ ही बच्चों की वंशावली की जरूरत होगी। बच्चे एवं उनके पिता के एक-एक फोटो की भी आवश्यकता होगी। समस्त दस्तावेज आंगनबाड़ी केंद्रो में आंगनबाड़ी सहायिका के पास जमा किए जा सकते हैं। इस योजना में हितग्राही को पटवारी अथवा तहसील कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी एवं न ही कहीं ऑनलाइन करवाने की जरूरत होगी।



मौसम : धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था का आलम, क्षेत्र में सुबह से बारिश के साथ घना कोहरा छाए रहा

# बेमौसम बारिश से खेतों में भरा पानी करपे भीगे, किसानों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- बेमौसम बारिश से धान का करपा भीगे किसानों की मुश्किले बढ़ी
- बारिश से खेत खलियानों में भरा पानी, करपा पूरी तरह भीग गया और किसानों को भारी नुकसान होने की

शनिवार को मैनपुर क्षेत्र में सुबह से मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवाओं के साथ दिनभर रिमझीम बारिश से लोग परेशान हो गए साथ ही धुंध छाया हुआ है। कोहरे के कारण कुछ नजर नहीं आ रहा है। हालाकि क्षेत्र में धान कटाई और मिजाई का कार्य अंतिम चरण में है, लेकिन कई किसानों के फसल आज पानी में डूब गए। खेतों में धान कटाई के बाद रखे फसल करपा पानी में भींग गए तो वहीं धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था का आलम देखने को मिला। धान खरीदी केंद्रों में पॉलिथिन से धान के बोरों को ढक कर सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में इन दिनों धान और मक्का की कटाई का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है, साथ ही धान कटाई और मिजाई में किसान व्यस्त है खेल खलियानों में धान के करपा और भिंडा भारा पड़े हुए हैं, आज हुई बारिश से खेत खलियानों में पानी भर ▶▶|शेष पेज 13 पर







### बिगड़ते मौसम से जनजीवन प्रभावित, किसान परेशान

**राजिम।** पिछले 10 दिनों से मौसम में अचानक हुए परिवर्तन से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। बच्चों एवं बुजुर्गों में सर्दी खांसी की समस्याएं बढ़ी है। वात रोग के मरीज के लिए बदली वाला मौसम बहुत ही पीड़ा दायक हो गया है। वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ी है। क्षेत्र में 10 दिन पूर्व फेंगल चक्रवाती तूफान का असर देखने को मिला। तापमान में बढ़ोतरी के साथ-साथ क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी हुई। जिससे फसलों को नुकसान भी हुआ। चूंकि अभी क्षेत्र में फसल कटाई एवं उपार्जन ▶▶|शेष पेज 13 पर

# पोटाश बम से घायल हाथी के बच्चे की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- वन विभाग द्वारा एक माह से किया जा रहा था उपचार
- आज होगा पोस्टमार्टम

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्यप्राणी प्रेमियों के लिए दुखद खबर सामने आई है। पोटाश बम की चपेट में आने से एक माह से दर्द लिए इधर उधर घूम रहे हाथी के बच्चा का शनिवार दोपहर मौत हो गई है। पोटास बम से घायल हाथी के बच्चे जिसका नाम अघन रखा गया था और बकायदा वन विभाग द्वारा इस हाथी के बच्चे का देखभाल किया जा रहा था तथा हर तरह से उसे उपचार दिया गया बावजूद इसके आज दोपहर 3 बजे के आसपास हाथी के बच्चे ने अंतिम सांस ली जिसकी जानकारी लगते ही पूरे वन अमला व वन्य जीव प्रेमियों में दुख देखने को मिल रहा है। उदंती सीतानदी टाईगर रिवर्ज के उपनिदेशक वरूण जैन ने हाथी के बच्चे की मौत की पुष्टी करते हुए बताया कि कल रविवार को तीन डॉक्टरो की उपस्थिति में पोस्टमार्डम किया जायेगा। ज्ञात हो कि माह भर पहले वन्यप्राणियों के शिकार के लिए लगाए गए पोटाश बम को नन्हे हाथी शावक ने खा लिया था, जिससे कि उसके जबड़े ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### डॉक्टरों की उपस्थिति में होगा पोस्टमार्टम

उदंती सीतानदी टाईगर के उपनिदेश वरूण जैन ने बताया हाथी के बच्चा का लगातार इलाज किया जा रहा था और आज शनिवार को दोपहर उसकी मौत हो गई। रविवार को तीन डॉक्टरों की उपस्थिति में पोस्टमार्डम किया जायेगा।

### हरिहर हाई स्कूल मैदान में गायत्री महायज्ञ आज

**नवापारा-राजिम।** शहर के हरिहर हाई स्कूल मैदान में 8 दिसंबर को सुबह 11 बजे से 108 कुण्डीय राष्ट्रजागरण गायत्री महायज्ञ एवं विराट संस्कार महोत्सव का आयोजन मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य व विधायक इंद्रकुमार साहू की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, नाबार्ड बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी, जोन प्रभारी सुखदेव निर्मलकर, जोन समन्वयक आदर्श वर्मा मौजूद रहेंगे।

# युवा कांग्रेस का तहसील कार्यालय का घेराव कल

**राजिम।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर युवा कांग्रेस राजिम विधानसभा क्षेत्र के तत्वावधान में धान खरीदी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर 9 दिसंबर को तहसील कार्यालय राजिम का घेराव करने जा रही है। यह जानकारी देते हुए विधानसभा युकां अध्यक्ष योगेश साहू ने बताया कि इस संबंध में एसडीएम राजिम को सूचना दे दी गई है। इस घेराव आंदोलन में युवा कांग्रेस के साथ जिला व ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस के सभी मोर्चा व प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता, मौजूद रहेंगे। कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जिन वादों के साथ सत्ता में आई थी आज वह भूल चुकी है। एकमुश्त 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी का वादा भाजपा द्वारा किया गया था लेकिन आज किसानों को एक साथ पूरी राशि नहीं मिल रही है। लगातार बारदाना की कमी एवं धान खरीदी में अव्यवस्था ▶▶|शेष पेज 13 पर



निक्षय निरामय प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# कलेक्टर ने निक्षय निरामय पहचान व उपचार अभियान का किया शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- जिले को टीबी मुक्त करने 24 मार्च तक चलेगा विशेष अभियान

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 2025 तक भारत को टीबी मुक्त का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत प्रदेश में भी निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 7 दिसंबर से 24 मार्च 2025 तक चलाया जायेगा। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शनिवार को जिला अस्पताल में अभियान का शुभारंभ किया। साथ ही निक्षय निरामय प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। इस दौरान कलेक्टर ने टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार, वयोवृध्द जनो को वाकिंग स्टीक, येलो कार्ड एवं श्रवण यंत्र वितरित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि 7 दिसम्बर से 24 मार्च 2025 तक चलने वाले निक्षय निरामय पहचान और उपचार के तहत मितानीन और स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर घर जाकर उच्च जोखिम समूह, टीबी कुष्ठ संदेहास्पद तथा वयोवृध्द कार्यक्रम अंतर्गत मरीज का चिन्हांकन करेंगे। उसके पश्चात उनके जांच एवं उपचार की व्यवस्था करेंगे। इसके लिए जिला और विकासखण्ड स्तर नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई हैं। जिनके सुपरविजन एवं मॉनिटरिंग में अभियान को सफल बनाया जायेगा।







#### 100 दिवसीय अभियान 4 चरणों में होगा संपादित

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु ने बताया की 100 दिवसीय अभियान 04 चरणों में संपादित होगा। अभियान के दौरान चिन्हाकित संदेहास्पद मरीजों को जांच एवं उपचार के अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर स्वास्थ्य शिविर भी लगाये जायेगें, जिसमें स्वास्थ्य जांच उपचार प्रदान किया जायेगा। समूह में निवास एवं कार्य करने वाले क्षेत्र जैसे जेल, माईन्स, क्रसर, ईट भटटी, उद्योगों, राईस मिल क्षेत्रो पर भी लोगो का चिन्हांकन कर आवश्यक जांच एवं उपचार किया जायेगा। टीबी मुक्त भारत की इस अभियान में सभी शासकीय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्वंय सेवी संगठन एवं जन समुदाय अपनी सहभागिता निभाएगें, साथ ही अभियान के दौरान कार्यक्रम संबंधी प्रचार प्रसार करते हुए जन समुदाय को निक्षय मित्र बनने हेतु प्रेरित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में डॉ. टी.सी. पात्रे सिविल सर्जन, डॉ. लक्ष्मीकांत जांगडे डीएचओ, डॉ. एके हुमने, डॉ. योगेन्द्र रंधुवशी डीपीएम, सृष्टि यदु, डॉ. शंकर पटेल, डॉ. रूपेन्द्र महिलांगे, डॉ. देवेन्द्र साह, श्री भूपेश साहू एवं एनटीईपी कार्यक्रम के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए विष्णु

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य पवन नन्दन जी द्वारा कही जा रही श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आचार्य पवन नन्दन जी से आशीर्वाद ग्रहण किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रीराम मंदिर परिसर में 02 दिसंबर से 08 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कथा के आयोजकों सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### मेरा संविधान मेरा अभिमान पर व्याख्यान आज

**रायपुर।** संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को मेरा संविधान मेरा अभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर सांसद व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। कार्यकम के मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद व सुप्रसिद्ध विचारक व लेखक राकेश सिंहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला व विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे।

### संविधान के कारण दबे-कुचले समाज को मिल रहा है महत्व



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि विभिन्न स्थानों पर मनाई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा, बाबा साहब के लिखे गए संविधान के कारण ही हमारा दबा-कुचला समाज आगे बढ़ रहा है तथा अपनी पहचान बना रहा है। इसी से समाज के मुखिया को प्रतिनिधित्व देने के लिए राजनीतिक दल मजबूर हैं। हमारे समाज में तेजी से जागृति आ रही है, यही वजह है कि देश के प्रधानमंत्री पिछड़ा वर्ग से हैं और मुख्यमंत्री आदिवासी वर्ग से हैं। इस अवसर पर विभिन्न समाज के मुखिया और महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे, इनमें शहर जिला धोबी समाज के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, डॉ. एलपी बनर्जी, देवचरण साहू, ललित साहू, छत्तीसगढ़ तर्कशील परिषद की अध्यक्ष कविता मानिकपुरी, महासचिव पार्वती साहू समेत अनेक दिग्गज नेता शामिल हुए और पिछड़ा जगाओ अभियान राज्यभर में चलाने का आव्हान किया।

### हरित कुंभ : एक थाली एक थैला अभियान

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आगामी 13 जनवरी 2025 से प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के लिए प्लास्टिक और डिस्पोजल के प्रयोग को पूर्ण रूप से बंद कर हरित कुंभ के प्रतीक के रूप में मनाए जाने के लिए प्रत्येक घर से एक थाली एक थैला संकलन का अभियान देशभर में चलाया गया है। इस तारतम्य में 6 दिसंबर शुक्रवार को कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा आशीर्वाद भवन में थाली और थैला भेंट करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया, जिसमें पं. धीरेंद्र मिश्रा एवं प्राची मिश्रा उपस्थित हुए। पूरे छत्तीसगढ़ से 50 हजार से अधिक थाली और थैला संकलित कर भेजने का लक्ष्य रखा गया है। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की ओर से सचिव पं. सुरेश मिश्र, चंद्रप्रकाश व्यास आदि ने भी अपना उद्बोधन दिया।

# आंबेडकर अस्पताल के आधुनिक सुविधाओं वाले नए एकीकृत भवन के लिए 231 करोड़ का ई-टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मरीजों से ओवरलोड हो रहे आंबेडकर अस्पताल के आधुनिक सुविधाओं वाले नए भवन के निर्माण के 231 करोड़ का ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। सात सौ बिस्तर के एकीकृत अस्पताल भवन का निर्माण सीजीएमएससी द्वारा किया जाएगा। निर्माण के बाद मरीजों को यहां सुपरस्पेशलिटी उपचार की सुविधा प्राप्त होगी और भर्ती मरीजों के लिए बिस्तरों की किल्लत की परेशानी भी दूर हो जाएगी।

आंबेडकर अस्पताल के पुराने भवन में विस्तार की संभावना नहीं होने और मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य बजट में सात सौ बिस्तर के एकीकृत अस्पताल भवन की योजना को मंजूरी दी गई थी। भवन का निर्माण मेडिकल कालेज के पुराने छात्रावास के स्थान पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर इसके निर्माण के लिए बड़ा कदम उठाया गया है।


स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर सीजीएमएससी द्वारा निर्माण के लिए ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। इस टेंडर के संबंध में विस्तृत जानकारी 10 दिसंबर के बाद सीजीएमएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। प्री-बिड मीटिंग 19 दिसंबर होगा और 2 जनवरी तक ऑनलाइन निविदा जमा किया जा सकेगा, टेंडर 6 जनवरी को खुलेगा।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर स्वास्थ्य सेवाओं का वृहद विस्तार



#### सर्वसुविधा वाला अस्पताल : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि इस एकीकृत अस्पताल के निर्माण से आंबेडकर अस्पताल के अतिरिक्त भी लोगों के पास सर्वसुविधा वाला हास्पिटल रहेगा। इसके माध्यम से रायपुर सहित पूरे प्रदेश के लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का इजाफा करना उनकी प्राथमिकता है।



#### सात मंजिला अस्पताल में ओटी, आईसीयू भी

बनाया जाने वाला यह भवन सात मंजिला होगा। यहां एमसीएच सहित अन्य विभागों के मरीजों के लिए वार्ड बनाए जाएंगे। मरीजों की आवश्यकता के अनुसार हर मंजिल में ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू की सुविधा भी होगी। बनने वाले इस नए भवन में वर्तमान और भविष्य की तमाम जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संसाधन जुटाने की योजना है। नए अस्पताल भवन के हिसाब से यहां चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ के लिए सेटअप भी स्वीकृत किया जाएगा।

## राजपत्र में आदेश अधिसूचना, अध्यादेश की अनुमति, निर्णय का अधिकार सचिव को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब सचिवों के अब साधारण राजपत्र की तरह असाधारण राजपत्र में प्रकाशन संबंधी अनुमति और निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। राज्य के मुख्य सचिव ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके साथ ही ये निर्देश भी दिए गए हैं कि असाधारण राजपत्र में आदेश, अधिसूचना, अध्यादेश आदि के प्रकाशन के लिए किस तरह कार्यवाही करना है।

### अब सचिव करेंगे ये काम

सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव,सचिव और विशेष सचिव के लिए आदेश जारी किया है। इसी आदेश में यह बताया गया है कि भारसाधक सचिवों को किस तरह की कार्यवाही असाधारण राजपत्र के संबंध में करनी है। कहा गया है कि अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण संक्षिप्त सूचनाएं ही आवश्यकतानुसार राजपत्र में प्रकाशित की जाएं। असाधारण राजपत्र में प्रकाशन के लिए प्रस्ताव पूर्ण औचित्य के साथ व असाधारण राजपत्र में प्रकाशन के कारण सहित प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही विभागीय सचिव, सक्षम अधिकारी(उपसचिव) के हस्ताक्षर से भेजे जाएं। सीमाबद्ध प्रकरणों में निर्णय लेने में शीघ्रता की जाए ताकि साधारण राजपत्र में समयबद्ध रीति से प्रकाशन हो सके व असाधारण राजपत्र में प्रकाशन की जरूरत ही न रहे।

## प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने ली प्रभारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक

# निकाय-पंचायत चुनाव की तैयारी में कांग्रेस भी जुटी, निष्क्रिय पदाधिकारी होंगे बाहर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में नए साल में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस ने भी तैयारी प्रारंभ कर दी है। चुनाव का ऐलान अभी नहीं हुआ है, लेकिन संभावना है इस माह में कभी भी चुनाव का ऐलान हो जाएगा। ऐसे में अब कांग्रेस भी तैयारी में जुट गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने राजीव भवन में अपने प्रभार के 11 जिलों के प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक ली। कांग्रेस की संगठन को मजबूत करने के लिए निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर भी करने की तैयारी है। इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।

राजीव भवन में हुई बैठक में विजय जांगिड़ ने कहा, नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए सभी अपने क्षेत्रों में तैयारियां शुरू कर दें। ब्लॉक, जोन, सेक्टर के आधार पर बैठक तुरंत शुरू की जाए। उन्होंने जिलों एवं ब्लॉकों की मासिक बैठक के निर्णयों की समीक्षा भी की। उन्होंने निचले स्तर तक संगठन को सक्रिय करने एवं सभी को अपने प्रभार क्षेत्रों में लगातार दौरा करने के निर्देश दिए। बैठक में रायपुर, बेमेतरा, बलौदाबाजार, महासमुंद, खैरागढ़, कवर्धा, बिलासपुर, जांजगीर, मुंगेली, सारंगढ़ जिलों की बैठकें हुई।

बैठक में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, अशोक राज आहूजा, दिनेश यदु, गिरीश दुबे, बंशी पटेल, विजय पांडे, रश्मि चंद्राकर, डॉ. करूणा कुर्रे, उधोराम वर्मा, हितेन्द्र ठाकुर सहित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



### निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाया जाएगा : जांगिड़

विजय जांगिड़ ने एक साल में हार की हैट्रिक को लेकर कहा, मैं इसे हार की हैट्रिक नहीं मानता, जीत हार तो रहती है। उपचुनाव में सत्ताधारी दल को अपर हैंड होता है। हमने बहुत मजबूती से रायपुर दक्षिण का उपचुनाव लड़ा। उन्होंने कहा, निकाय चुनाव में जीतने की क्षमता वालों को ही टिकट देंगे। युवाओं, महिलाओं को पर्याप्त अवसर दिया जाएगा। टीएस सिंहदेव के बयान श्री जांगिड़ ने कहा, टीएस सिंहदेव की चिंता नहीं यह उनका चिंतन है। हम नए लोगों को लाकर संगठन को और मजबूत करेंगे। निकाय चुनाव में कांग्रेस कड़ी चुनौती देने की स्थिति में होगी। श्री जांगिड़ ने कहा, निष्क्रिय कांग्रेस पदाधिकारियों को हटाया जाएगा। नए युवा चेहरों को मौका दिया जाएगा।

## शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस 10 को

**रायपुर।** शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित कराने वाले राज्य आंदोलनकारियों द्वारा शहादत स्थल जय स्तंभ चौक पर बलिदान दिवस 10 दिसंबर को प्रतिवर्ष की भांति मनाने का निर्णय लिया गया है। जहां प्रसिद्ध पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन का शहीद वीरनारायण सिंह की वीरगाथा पर आधारित पंडवानी कार्यक्रम होगा। साथ ही राष्ट्रीय स्तर के अनेक लोक कलाकारों का भी कार्यक्रम होगा। साहित्यकार, बुद्धिजीवियों द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह की वीरता, शौर्यगाथा पर संगोष्ठी भी होगी। कार्यक्रम की शुरुआत 10 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से होगी और शाम 5 बजे तक कार्यक्रम चलेगा। संध्या 5.30 बजे दीप जलाकर सामूहिक रूप से पुष्पांजलि दी जाएगी। यह जानकारी कार्यालय सचिव अशोक कश्यप ने दी।

## आयुष्मान कार्ड बनाने राम पंचायत में आज शिविर

**रायपुर।** राजेंद्र नगर, अमलीडीह, महावीर नगर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा केनाल रोड पुल 56 फीट ऊंची श्री झूलेलाल प्रतिमा प्रांगण में आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर शनिवार को लगाया जा रहा है। इस संबंध में पंचायत के मुखी गिरीश लहेजा ने बताया कि शासन द्वारा निशुल्क इलाज की सुविधा नागरिकों को देने आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। राम पंचायत द्वारा इसके लिए सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कैंप लगाया जा रहा है, समाजजन यहां आकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।




# संजय श्रीवास्तव बोले- कांग्रेस ने बार बार संविधान की धज्जियां उड़ाईं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, आज जो कांग्रेसी संविधान बचाने के नाम पर देशभर में शोर मचाते घूम रहे हैं, उनके राजनीतिक चरित्र का सच यह है कि उन्होंने संविधान को हर मौकों पर ताक पर रखा और महज राजनीतिक विरोध के कारण भाजपा और दीगर गैर-कांग्रेसी सरकारों को मनमाने ढंग से बर्खास्त करने में कोई हिचक नहीं दिखाई।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, आज जिस निर्लज्जता के साथ कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र की दुहाई दे रही है, उस कांग्रेस ने एक तो संवैधानिक ढांचे को तहस-नहस करते हुए साम्प्रदायिक तुष्टीकरण की सबसे गंदी मिसाल पेश की, दूसरे लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की भाजपा की चार राज्य सरकारों को रातों-रात बर्खास्त करके लोकतंत्र की खुले आम हत्या तक की थी जिसे बाद में जबलपुर हाई कोर्ट ने अवैध ठहराया था। हालांकि निर्णय आते तक विधानसभा का कार्यकाल भी समाप्त हो गया था।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इससे भी अधिक शर्मनाक तो यह है कि बाबरी ढांचा ढहने के अगले दिन 7 दिसबंर 1992 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने संसद में कहा था कि मस्जिद को गिराना बर्बर कार्य था, हमारी सरकार इसका पुनर्निर्माण करवाएगी। यह संविधान की भावनाओं के एकदम विपरीत था। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर मस्जिद बनाने का वादा किया हुआ है। आज ही के दिन अयोध्या में विवादास्पद ढांचा ढहने के बाद कांग्रेस ने बिना कारण उत्तर प्रदेश के अलावा तीन अन्य भाजपा सरकारों को बर्खास्त कर संविधान का गैर-विवादास्पद ढांचा ढहा दिया था ।



# 70 लीटर देशी शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के गंज स्थित शराब दुकान और अहाता के पास अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक कोचिए को आबकारी विभाग ने पकड़ा है। आरोपी पिछले कई दिनों से शराब दुकान और अहाता बंद होने के बाद यहां सक्रिय होकर अवैध रूप से शराब बेचा करता था। इसकी शिकायत मिलते ही विभागीय टीम ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ा है। टीम ने उसके कब्जे से 70 लीटर देशी शराब बरामद की है।

जिला सहायक आबकारी अधिकारी वैभव मित्तल के नेतृत्व में टीम शुक्रवार को सुबह 8 बजे गंज शराब दुकान-अहाता पहुंची। यहां एक व्यक्ति घूम-घूमकर अवैध रूप से शराब बेच रहा था। टीम ने उसके कब्जे से 390 पाव देशी मसाला शराब बरामद की है। आरोपी का नाम अमन सोनी है। पूछताछ करने पर उसने टीम को बताया कि वह दुकान-अहाता बंद होने के बाद और सुबह खुलने से पहले वहां घूम-घूम कर शराब बेचता था। अमन ने यह भी बताया कि वह कई शराब दुकानों में जाकर शराब खरीदकर लाता है और फिर उसे महंगे दाम पर बेचा करता है। विभाग ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## कल वलसाड एक्सप्रेस 4 घंटे 50 मिनट रहेगी लेट, रक्सौल, सूरत-पटना स्पेशल का बदला मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



पटरियों के विस्तार का कार्य देशभर में जारी है। रेलवे प्रशासन अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास कर रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची रेल मंडल व ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रेल मंडल में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। रांची रेल मंडल में यह कार्य 12 से 26 दिसंबर तक किया जाएगा। ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रेल मंडल में दिनांक 7 से 8 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके कारण रेलवे ने तीन ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया है, जिसमें 18 दिसंबर को गाड़ी संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल परिवर्तन मार्ग राऊरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-कोटशिला होकर चलेगी। 21 दिसंबर को गाड़ी संख्या 13425 मालदा-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तन मार्ग राउरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-कोटशिला होकर चलेगी। 17 दिसंबर को गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस परिवर्तन मार्ग राउरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-कोटशिला होकर चलेगी। 8 दिसंबर को गाड़ी संख्या 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस पुरी से 4 घंटे 50 मिनट देर से रवाना होगी।

### पवार क्षत्रिय महासंघ की महिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

**रायपुर।** अखिल भारतीय पवार क्षत्रिय महासंघ महिला प्रदेश कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ का गठन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विशाल बिसेन के मार्गदर्शन और मा. खुशाल कटरे व सुनील गौतम के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से प्रदेश महिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक में मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं के विकास के लिए, आजीविका और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दिसंबर में करियर काउंसिलिंग व गाइडेंस वर्कशॉप आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ महिलाओं की ज्वलंत समस्याओं और उनके उत्थान के लिए विशेष कार्ययोजना व जिला स्तर पर विकास के लिए समान कार्यकारिणी गठन की योजना बनाई गई।

## व्यवसाय के लिए दिया जाने वाला लोन

# बैंकों में पीएम स्वनिधि योजना के तहत बहुत कम लोगों को मिल रहा लोन, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत व्यवसाय करने एवं बढ़ाने के लिए दिए जाने वाला लोन लोगों को आसानी से मिल नहीं पा रहा है। यही कारण है कि जिले के बैंकों में आवेदनों की तुलना में बहुत कम लोगों के लोन को स्वीकृति दी गई है।

कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को रेडक्रास सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक ली। इस बैठक में इस योजना से संबंधित लोन प्रकरणों की जानकारी बैंकों के प्रतिनिधियों ने रखी, जिसे सुनने के बाद कलेक्टर ने इस पर नाराजगी भी जताई।




#### योजना का लाभ देने ज्यादा से ज्यादा लोगों के लोन स्वीकृत करें

बैठक में सभी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत दिए गए ऋण की जानकारी बैंकों के प्रतिनिधियों से मांगी। सभी बैंक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने बैंक से इस योजना के तहत लोन लेने के लिए आए आवेदनों तथा परीक्षण के बाद लोन देने के आंकड़ों से कलेक्टर को अवगत कराया। इन आंकड़ों के अनुसार बैंकों में आए आवेदनों की तुलना में बहुत कम लोगों को लोन दिए गए हैं। इन आंकड़ों को देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और निर्देश दिए हैं कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण करें, ताकि लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने विशेषकर महिला समूहों को लोन प्रदान करते समय प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए कहा, ताकि योजना का उन्हें लाभ मिल सके।

#### स्लम बस्तियों व उसके आसपास लगाए जाएंगे कैमरे

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि स्लम बस्तियों और उसके आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बैंकों के सीसीएसआर मद का इस्तेमाल करने में सहयोग किया जाए। उन्होंने, बैंकों को डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देते हुए रायपुर को डिजिटल जिला बनाने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित रहे।

# जेल में बंद अमन को दो माह बाद भी पुलिस कोर्ट में पेश नहीं कर पाई, अब होगी झारखंड वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा शूट आउट मामले में दो माह से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद गैंगस्टर अमन साव को झारखंड, रांची सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जाएगा। अमन के रांची जेल शिफ्ट होने की वजह पुलिस की नाकामी है। बचाव पक्ष के वकील अमित बैनर्जी के मुताबिक अमन को रायपुर पुलिस जब से प्रोटक्शन वारंट में झारखंड से रायपुर लाई है, तब से उसे एक बार भी कोर्ट में पेश नहीं किया गया। एनआईए कोर्ट ने अमन को 12 दिसंबर को कोर्ट में पेश करने आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील के मुताबिक स्थानीय पुलिस अमन साव को कोर्ट में पेश नहीं कर रही थी। इस वजह से अमन की जमानत के लिए कोर्ट में आवेदन नहीं लगा पा रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर बचाव पक्ष के वकील ने रांची एनआईए कोर्ट में याचिका दायर की। एनआईए कोर्ट ने अमन के रायपुर में ट्रायल चलने की बात कही। इस पर बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया कि रायपुर पुलिस जब से अमन को प्रोटक्शन वारंट में रायपुर लेकर गई है, उनका वहां अब तक ट्रायल शुरू नहीं हुआ है। इसके बाद एनआईए कोर्ट ने अमन को झारखंड लाने के आदेश दिए।

- पुलिस नाकामी का फायदा उठाते हुए बचाव पक्ष के वकील ने रांची एनआईए कोर्ट में याचिका दायर की थी



गैंगस्टर अमन साहू और उसके गुर्गों के खिलाफ प्रोटक्शन वारंट

मलेशिया से मारने का आदेश, बाइक राइडर बनकर शूटर पहुंचे थे रायपुर, उगाही के लिए था पूरा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व फिरौती के लिए कारोबारी की कार में शूट आउट के मास्टर माईंड तथा झारखंड के गैंगस्टर अमन साहू तथा उसके दो अन्य गुर्गे विक्रम सिंह तथा आकाश राय उर्फ मोनू के खिलाफ कोर्ट ने प्रोटक्शन वारंट जारी किया है। अमन तथा उसके गुर्गे वर्तमान में गिरडीह जेल में बंद हैं। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 14 अक्टूबर को कोर्ट में सशरीर पेश करने आदेश जारी किया है।

- कोर्ट से पांच से छह बार जारी हो चुका है प्रोटक्शन वारंट

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक शूट आउट मामले में अमन साहू तथा उसके गुर्गों से पूछताछ करनी है। अमन तथा उसके साथी

जेल प्रशासन वर्चुअल पूछताछ करना चाहता है

पुलिस के मुताबिक गिरडीह जेल प्रशासन अमन साहू को प्रोटक्शन वारंट में देने के बजाय वर्चुअल पूछताछ करने कह रहा है। पुलिस के अनुसार शूट आउट मामले में अमन साहू तथा उसके गुर्गों से वर्चुअल पूछताछ संभव नहीं है। इसके लिए उनसे मैनुअल पूछताछ करना

### एनआईए कोर्ट में अमन की चल रही सुनवाई

गौरतलब है कि अमन साव के खिलाफ झारखंड में एनआईए ने अपराध दर्ज किया है। अमन की रांची कोर्ट में रेगुलर सुनवाई चल रही थी। इस दौरान पुलिस ने तेलीबांधा शूट आउट मामले में अमन को आरोपी बनाया। आरोपी बनाए जाने के बाद पुलिस अमन का प्रोटक्शन वारंट हासिल कर रांची जेल से रायपुर जेल लेकर आई।

खबर संक्षेप

## आत्मानंद स्कूल में योग एवं ज्ञान कार्यशाला



**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शा. हिंदी माध्यम विद्यालय नयापारा महासमुंद में शनिवार को साप्ताहिक गतिविधि के अंतर्गत योग एवं ज्ञान कार्यशाला का आयोजन, संस्था के प्रभारी प्राचार्य केआर सागर के नेतृत्व में आयुष योगा वेलनेस सेंटर महासमुंद के योग चिकित्सक डॉ. बबीता भगत को आमंत्रित किया गया।

## खरीदी केंद्रों के लिए कांग्रेस ने गठित की निगरानी समिति

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने महासमुंद विधान सभा तथा सरायपाली विधान सभा के प्रत्येक धान खरीदी केंद्रों के लिए निगरानी समिति का गठन किया है। समिति के सदस्य किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण करने में किसानों की मदद करेंगे। पिटियाझर सोसाइटी खिलावन बघेल, प्रहलाद ध्रुव, गुरमीत सिंग चावला, बरोंडाबाजार सचिन गायकवाड़, लीलू साहू, बम्हनी राजू साहू, लक्ष्मण रात्रे, खट्टी हुलास गिरी गोस्वामी, कोसरंगी जीवन यादव, परसदा शेखर चंद्राकर, झालखम्हरिया मोती साहू, परमेश्वर साहू, शेर डॉ. परमानंद साहू, कोमल दीवान, बेलसोंडा कुणाल चंद्राकर, जय मालेकर, तुमगांव कपिल साहू, नजरुद्दीन भाटी, मालीडीह रविंद्र चंद्राकर, दीपक साहू सहित 73 खरीदी केंद्रों के लिए निगरानी समिति गठित की गई है।

## पीएम के मार्गदर्शन में जारी रहेगी महाराष्ट्र की विकास यात्राः तुषार

**महासमुंद।** महाराष्ट्र में महायुति सरकार का शपथग्रहण समारोह



बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ। दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में आयोजित इस समारोह में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। महायुति सरकार का शपथ ग्रहण पर छत्तीसगढ़ भाजपा सक्रिय सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और आप सभी के दूरदर्शी नेतृत्व में महाराष्ट्र के विकास की यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

**शुभारंभ : 50 वृद्धजनों को छड़ी व 70 टीबी रोगियों को पोषण आहार कीट का वितरण किया गया**

# स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करना हमारी पहली प्राथमिकता : रोहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया। यह 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान 24 मार्च 2025 तक चार चरणों में होगा जिसके तहत इस अभियान में टीबी, कुष्ठ शंकाप्रद एवं उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकित करना, वयोवृद्ध का स्वास्थ्य परीक्षण व देखभाल होगा। विधायक श्री साहू ने निक्षय निरामय रथ को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि केंद्र के मोदी सरकार और प्रदेश के विष्णुदेव सरकार लगातार जनस्वास्थ्य की बेहतरी के लिए काम कर रहे है। कहा कि हमारे क्षेत्र के अस्पतालों में भी अनेक उपकरण उपलब्ध कराये गए हैं जिसके कारण राजिम क्षेत्र की जनता को लाभ मिल रहा हैं। विधायक श्री साहू ने कहा कि लोकस्वास्थ्य की पूर्ति करना हमारी पहली प्राथमिकता है, स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु, डॉ. सृष्टि यदु, बीएमओ डॉ. वीरेंद्र हिरौदिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, जीवनदीप समिति के सदस्य सोमनाथ पटेल, कुलेश्वर साहू, भाजपा नेता आशीष शिंदे, नंदन पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू ने टीबी रथ प्रचार-प्रसार-वृद्ध रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं 50 वृद्धजनों को छड़ी व 70 टीबी रोगियों को पोषण आहार कीट का वितरण किया।

### सभी प्रकार की सुविधाएं मरीजों को स्थानीय अस्पताल मिले

विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम विधानसभा में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करना मेरी पहली प्राथमिकता है, किसी को इलाज के लिए रायपुर ना जाना पड़े, इसके लिए हर प्रकार की सुविधा अस्पताल में रहे, बताया कि स्वास्थ्य मंत्री से उनकी निरंतर चर्चा हो रही है और हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों की लागत से 20 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड लोकार्पण और बीपीएच यूनिट का भूमिपूजन हुआ।

### गर्भवती महिलाओं को मिल रही सोनोग्राफी की सुविधा

गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराया गया है, बहुत जल्द सिजेरियन डिलवरी की सुविधा भी उपलब्ध होगा। ताकि क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई परेशानी ना हो इसके लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जीवनदीप समिति के सदस्य सोमनाथ पटेल, आभार व्यक्त बीपीएम सौरभ विरमानी के किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर गौरव बघेल, डॉक्टर स्वाति मिश्रा, डॉक्टर अरुण अवधिया, नर्स वंदना साहू, नीलम सोनी, क्षमा शर्मा, हिमांशी साहू, धरम साहू, मिनेन्द्र साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# कार्यक्रम होने से गांव में एकता व भाईचारा बढ़ता है



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम पंचायत मुढीपानी के आश्रित ग्राम जिडार में जात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रात्रिकालीन कार्यक्रम रस मदोरा लेडीस डोढ नाचा ग्राम गुरूपाली बरगढ़ उड़ीसा का प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सभापति थानेश्वर कंवर, अध्यक्षता उपसरपंच कृष्णा गुप्ता, विशेष अतिथि ग्राम पटेल चंदर सिंह मरकाम, ग्राम पटेल मुढीपानी चंदर सिंह कंवर, ग्राम प्रमुख बनवाली यादव, तिलेश्वर गुप्ता, बल्लू यादव, लखन यादव, कुलेश्वर निषाद, अमर सिंह, जैयसिग, धनसिग मंच पर आसीन थे। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों को पीला चावल से स्वागत किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि थानेश्वर कंवर ने कहा कि छोटे - छोटे कार्यक्रम होने से गांव में एकता और भाईचारे बढ़ती है और साथ ही ऐसे कार्यक्रम से आने वाली पीढ़ी को सामाजिक रीति-रिवाजों और नीति की जानकारी प्राप्त होती है। उपसरपंच कृष्णा गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में अपने संस्कृति को और अच्छे ढंग से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाये ताकि आने वाली पीढ़ी अपने संस्कृति से न भटके और सामाजिक समरसता एकता सदैव बनी रहे, तभी गांव का विकास संभव है। सभी जिडार वासियों को जात्रा की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रमुख और समस्त पारा वासियों जी जान से जुटे हुए थे।

■ जात्रा में रस मदोरा लेडीस डोढ नाचा ओड़ीसा ने रंगारंग प्रस्तुति दी

# टीवी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर ब्लाक में निक्षय, निरामय छत्तीगढ़ सौ दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने टीवी के मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार का वितरण किया गया। इस दौरान बीपीएम गणेश सोनी एवं स्टाप के लोग उपस्थित थे।

# आशीबाई गोलछा स्कूल में खेलकूद स्पर्धा आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में एक दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के सदस्य अरूणा शुक्ला, कौशिल्या बंसल, नीलम दीवान, हरवंश सिंह ढिल्लो नानू भाई, आनंद गिरि, सुधा साहू, भाऊराम साहू, अनुज पांडेय, उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूलों में पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों का आयोजन करने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है और इससे पढ़ाई में भी मन लगता है। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संदीप दीवान ने कहा कि इस विद्यालय की जरूरतों को पूरा करने के लिए वे सदैव तैयार रहेंगे। मंचीय कार्यक्रम के पश्चात विधायक ने सिटी बजाकर क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय में विधायक निधि से पांच लाख रुपए की लागत से बनने वाले शौचालय के लिए विधायक द्वारा भूमिपूजन भी किया गया। प्राचार्य जीआर सिन्हा ने स्वागत भाषण सह विद्यालयीन गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# एसएमडीसी के सदस्यों ने किया शिक्षकीय कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



शासकीय रामविशाल पांडे स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा किए गए शिक्षकीय कार्यों का विषयवार समीक्षा किया। जिसमें मुख्य रूप से बोर्ड क्लास 8वी, 10वीं, 12वीं, में विद्यालय उत्कृष्ट प्रदर्शन करें ऐसा दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू, सदस्य संजीव साहू, चंदन बंजारे, महेंद्र कश्यप के अलावा विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# कई संगठनों ने मनाया डॉ आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन जिला इकाई महासमुंद, भारतीय बौद्ध महासभा, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक कल्याण संघ, सर्व अजा समाज, समता सैनिक दल, एससीएसटी संगठन, जिला एडवोकेट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 6 दिसंबर को भारत के संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर नगर के मध्य स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात उपस्थित नागरिकों के बीच उनके राजनीतिक व सामाजिक उत्थान व समाज सुधार में योगदान को याद किया गया। उनका जीवन विषम परिस्थितियों से भरा रहा उन सभी को लड़ते हुए देश के लिये अमूल्य व साहसिक कार्यों में से सबसे चुनौती पूर्ण कार्य विशाल भारत के लिए संविधान का लिखित मसौदा तैयार करना जिसमें प्रत्येक वर्ग समूह को न्यायोचित स्थान देना जिसे उन्होंने अपनी सूझबूझ के साथ अथक प्रयास से अपने सहयोगी समिति के सदस्यों के साथ भारतीय संविधान को तैयार कर भारतीय




जनमन को अधिकार व कर्तव्यों का समन्वय के साथ देश की प्रगति के लिये विभिन योजनाओं की भी संसद में रख कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर हम सब के लिये मार्ग प्रशस्त कर आज के दिन बुद्ध में समाहित होकर महानिर्वाण को प्राप्त हुये। अंत में सभी मौन धारण कर पुष्पांजलि के महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। संध्या बौद्ध बिहार में श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अजाक्स जिला संघ की ओर से एस चंद्रसेन जिला संरक्षक, के आर सागर प्रांताध्यक्ष अपाक्स, जेपी खटकर, अनिल ढीढी जिला उपाध्यक्ष, तुलेंद्र सागर जिला सचिव, बीपी मेश्राम जिला मीडिया प्रभारी, एमएल ध्रुव जिला संगठन एवं भारतीय बौद्ध महासभा जिला महासमुंद के जिला अध्यक्ष शंकर नंदेश्वर, संरक्षक संजय वासनिक, पीजी बंसोड सह सचिव, रतन कामड़े, अंशु बंसोड़, देवेंद्र मेश्राम, मनीषा, भालेराव, जय घोडेश्वर, राजेश गजभिये, टोमन सिंह कागजी ब्लाक अध्यक्ष, खोशील जेंड्रे ब्लाक अध्यक्ष, सत्यप्रकाश साय, राजेश रात्रे, हर्ष प्रताप मन्नाडे, नीलकमल ध्रुव, नरेंद्र ढीढी, कन्हैया लाल धृतलहरे, देव खूंटे सभी ने बाबा साहब को पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दिए।

## बबीता को मिला बेस्ट स्पोर्ट्स टीचर का अवार्ड



**महासमुंद।** आमासिवनी निवासी शिक्षिका बबीता साहू को एबीसी पब्लिक स्कूल सरगांव से बेस्ट स्पोर्ट टीचर को अवार्ड ट्रॉफी को सीईओ सर व डायरेक्टर मैडम ने सम्मानित किया, शिक्षक को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया, यह पुरस्कार शिक्षिका बबीता साहू को सम्मानित करने के लिए दिया, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और लगन से न केवल स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि अपने छात्रों का जीवन को भी समृद्ध बनाया है।

## स्कूल में मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया जिसमें स्कूल विद्यार्थियों एवं शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, रुक्मणि सारथी, दीपा कुर्र, वर्षा सारथी, विष्णु चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि सेना झंडा दिवस हर साल 7 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों के योगदान और उनके परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है।

पेज 11 के शेष...

### जाति प्रमाण पत्र अब...

एवं मेल मिलाप रहता है इसलिए भी हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र बनाने में आसानी होगी।

**निशुल्क बनाए जाएंगे जाति प्रमाण पत्र** -हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क देने की आवश्यकता अब नहीं है। उन्हें केवल आवश्यक दस्तावेज आंगनबाड़ी सहायिका के पास जमा करने होंगे। हितग्राहियों को ऑनलाइन करने के झंझटो से भी मुक्ति मिलेगी। कुर्रा सेक्टर की पर्यवेक्षक कंचनप्रभा साहू ने बताया कि जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, 6 वर्ष तक के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं जिसमें हितग्राही को एक प्रपत्र भरकर समस्त दस्तावेज आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पास जमा करने होंगे। जाति प्रमाण पत्र बनाने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2024 घोषित की गई है।

### बेमौसम बारिश से...

जाने से भीडा भारा करपा पूरी तरह भीग गया और किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना है। मैनपुर क्षेत्र के ग्राम जाडापदर, जिडार, तुहामेटा, चलकीपारा, चिहरापारा, कोनारी, देहारगुडा, गोपालपुर, दबनई, छिन्दौला, फरसरा, गौरघाट, हरदीभाठा, भाठीगढ, नाहनबिरी, गोबरा, शोभा, इदागांव, कोयबा, जांगडा, जुंगाड, बरगांव क्षेत्र में बारिश के चलते किसान परेशान नजर आए। वहीं सब्जी- भाजी की फसलो को भी भारी नुकसान पहुंचने की संभावना है।

### बिगड़ते मौसम से...

केंद्रों के माध्यम से धान बेचने के काम में किसान व्यस्त है। बदलते मौसम ने धान बिक्री को भी प्रभावित किया है। फसल काटने के बाद धान को खुले में दो-तीन दिन धूप में सुखाने के बाद ही अतिरिक्त नमी खत्म होती है। किंतु घनी बदली के कारण किसान अपने धान को खुले में सुखा नहीं पा रहे हैं। शनिवार को अंचल में बदली छाई हुई है एवं कभी भी पानी गिर जाने की संभावना बनी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 दिसंबर से 10 दिसंबर तक बादल छाए रहने व 8-9 दिसंबर को हल्की बारिश की संभावना बताई जा रही है जो चिंता का कारण है। मैदानी इलाकों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस होने जा रहा है। आगामी दो से तीन दिनों में मध्य छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री कम होने की संभावना है। दिसंबर के तीसरे सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जाहिर किया गया है। मालूम हो कि सप्ताह भर तक फेंगल चक्रवाती तूफान की वजह से बादल-बदली एवं हल्की बारिश का सामना लोगों को करना पड़ा उसके बाद मौसम जब साफ हुआ तो इतना तेज विकराल धूप का सामना करना पड़ा जो ऐसा लगने लगा मानों अप्रेल-मई का समय आ गया है। लोग गर्मी और पसीने से तरबतर नजर आए। अब शनिवार को मौसम का फिर वही बदला हुआ स्वरूप सामने आ गया है। इस बनते-बिगड़ते मौसम के चलते ही एक तरफ लोगो का स्वास्थ्य बुरी तरह से खराब हो रहा है। वही दूसरी ओर किसान और धान उपार्जन केंद्र में कार्यरत कर्मचारी हलाकान है। क्षेत्र के सभी उपार्जन केंद्रो में जल्दी से तालपतरी को बारिश के डर के कारण ढंकना पड़ा। कई ऐसे केंद्र है जिसमें जेंजरा, बेलटुकरी में बंपर खरीदी का काम स्पीड से चला है मगर परिवहन में हो रहे लेट-लतीफी के कारण खरीदी केंद्र धार के बोरो से भर गया है। यदि परिवहन में और लेट- लतीफी किया गया तो धान खरीदी का काम प्रभावित भी हो सकता है। जेंजरा के प्राधिकृत अधिकारी महेश साहू एवं बेलटुकरी के प्राधिकृत अधिकारी चेमन धीवर ने कहा कि उपार्जन केंद्र में पर्याप्त व्यवस्था है। कोई समस्या नही है पर धान के आवक को देखते हुए परिवहन का काम शीघ्र किए जाने की आवश्यकता है।

### पोटाश बम से...

और पैर में चोटें आई थी। जानकारी मिलते ही वन अमला हाथी बच्चे की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी हुई थी। उसके इलाज के लिए डॉक्टर्स एवं ट्रैकर्स ड्रोन के माध्यम से मॉनिटरिंग भी किया जा रहा था और बकायदा हाथी के बच्चे का इलाज भी शुरू कर दिया गया था जिससे यह उम्मीद लगाई जा रही थी कि जल्द ही हाथी का बच्चा स्वस्थ्य हो जायेगा लेकिन उन्होने जिन्दगी का जंग हार गया।

**सोए हालत में ही हाथी का उपचार जारी था**- हाथी का बच्चा जब घायल हुआ तो हाथियों के झुंड के बीच शावक के होने से काफी इलाज के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। बताना लाजिमी होगा कि घटना के लगभग पखवाड़े भर बाद घायल हाथी शावक का इलाज किया गया, जहां हाथियों के झुंड के साथ ही शावक की मां ने भी उसे अकेले छोड़ दिया था। शावक को ट्रेंकुलाइज कर उसका इलाज किया गया, उसके बाद स्थिति में थोड़ा सुधार आने लगा, जिसके बाद उदंती सीतानदी टाईगर रिवर्ज प्रशासन ने राहत की सांस ली थी। लेकिन अचानक शावक की तबियत बिगड़ गई थी, जिसको लेकर विभाग सहित डॉक्टर्स की टीम लगी हुई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हाथी शावक तीन दिन पहले रिसगांव रेंज से मैनपुर क्षेत्र के तौरेंगा वन परिक्षेत्र के करेली के जंगल पहुंचा हुआ था पोटाश बम चबाने से जीभ व मुंह में आई जख्म लाख कोशिशों के बावजूद ठीक नहीं हो सका था। सूजन बढ़ने के कारण हाथी अब कुछ भी नहीं खा पा रहा था। शावक काफी कमजोर होने से ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। सोए हालत में ही हाथी का उपचार जारी था। हाथी के दयनीय स्थिति को लेकर अफसर चिंतित थे। विभाग के हर प्रयास के बावजूद भी शावक को आखिरकार नहीं बचाया जा सका। शावक की मौत से वन विभाग में शोक की लहर है। हाथी का शावक का तबियत शुक्रवार को सुबह अचानक ज्यादा बिगड़ गई सुबह हाथी का बच्चा जो गिरा वह उठ नही पाया इस दौरान डॉक्टरो के द्वारा लगातार हर तरह से उन्हे उपचार दिया गया । हाथी के शावक के उपचार में वन विभाग के अफसर कर्मचारियों के अलावा दो महावत एवं जंगल सफारी के डॉक्टर की पूरी टीम लगी हुई थी।

### युवा कांग्रेस का...

देखी जा रही है। प्रदेश में मर्डर,बलात्कार एवं चोरी जैसे मामले आम बात हो गई है। इन सभी मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के निर्देश पर राजिम विधानसभा युवा कांग्रेस तहसील कार्यालय का घेराव करेगी। बताया कि उसके बाद जिला कार्यालय का घेराव तथा आने वाले समय में प्रदेशव्यापी बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### श्यामनगर में बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस



**राजिम**। बजरंग दल द्वारा श्यामनगर में शौर्य दिवस का आयोजन 6 दिसंबर को किया गया। डायमंड साहू ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज में शौर्य और संकल्प की भावना को प्रोत्साहित करना था। शाम 6:30 बजे श्यामनगर के हृदय स्थल पर भगवान श्रीरामचंद्र जी एवं भारत माता की पूजा-अर्चना और उदबोधन के साथ हुआ। वरिष्ठ स्वयंसेवक कृषलाल साहू ने कहा कि राम मंदिर का सपना साकार हुआ। कार्यक्रम में खंड अध्यक्ष दीपक साहू, खंड संयोजक ज्ञानचंद साहू,खंड उपाध्यक्ष कामता वर्मा,अखाड़ा प्रमुख भावेश साहू, कोषाध्यक्ष संजू साहू, सह संयोजक शुभम साहू,गोपाल साहू, डायमंड साहू, दशरथ साहू, धनेश वैष्णव, कमलनारायण वर्मा, आर्यन साहू, चुम्मन साहू, रोमन साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पीडीएस के बारदाना में बेचने लाया गया 330 कट्टा धान जब्त

**बसना**। धान उपार्जन केंद्र कुरचुंडी में सेल्समैन लक्ष्मी प्रसाद यादव के द्वारा 330 कट्टा धान को पीडीएस बारदाना में भरकर बेचने लाया गया था। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देश पर नायब तहसीलदार प्रकृति सिंह, राजस्व निरीक्षक बसना, पटवारी ने कुरचुंडी धान खरीदी केंद्र पहुंच कर धान का निरीक्षण करते हुए धान को तौला गया जिसमें प्रति बोरी 41 किलो वजन एवं धान में 21.6% नमी और पीडीएस बारदाना जिसमें 2022-23 और 2023-24 अंकित पाया गया। खरीदी प्रभारी एवं किसानों की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर 330 कट्टा धान को जब्त कर धान खरीदी केंद्र प्रभारी क्षमानिधि साव के सुपुर्द में रखा गया है। बता दें कि एसडीएम के निर्देशानुसार मंडी उप निरीक्षक खुलुराम यादव के द्वारा धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी पहुंच कर लक्ष्मी प्रसाद का बयान लिया गया। लक्ष्मी प्रसाद यादव सेल्समैन ने अपने बयान में बताया कि सोसायटी का बारदाना को जमा कर चुका हूं। यह पीडीएस बारदाना को बंसुला के बिहारी दुकान से खरीद कर लाया हूं और धान मेरे खेत का है जिसे मैं तौलकर बेचने लाया हूं। अब सवाल यहां पर खड़ा होता है कि पीडीएस का उक्त बारदाना बंसुला के दुकानदार के पास कहां से आया यह गंभीर जांच का विषय है।

## निधन

### लीलाराम साहू

**नवापारा-राजिम**। ग्राम धूमा-कठौली निवासी लीलाराम साहू



राष्ट्रपति पुरूस्कृत कृषक का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में समाज एवं गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे निरंजन साहू के बेटे तथा बहुर साहू,लखन साहू, शत्रुहन साहू के भाई व भूपेश साहू, शंकर साहू के पिता थे।

### सुभाष चौधरी

**नवापारा-राजिम**। दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ सुभाष चौधरी उम्र



75 वर्ष का निधन हो गया। वे कपूरचंद चौधरी के बेटे तथा वैभव, गोलू, प्रदीप, राजा के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के नागरिक शामिल हुए।

### रमेश बंगानी

नवापारा-राजिम। नगर जैन श्री संघ के सुश्रावक रमेश चंद बंगानी (गुड्डी



बंगानी) उम्र 61 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार शाम मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में पूरे परिवार के सदस्यो के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। वे स्व. गुलाबचंद बंगानी के पुत्र व सिद्धार्थ बंगानी-रजत बंगानी के पिता थे।

---

**मड़ई-मेला : क्षेत्र के प्रथम ऐतिहासिक मड़ई, मेला का हुआ शुभारंभ**

# गौरघाट मड़ई में देवी-देवताओं के दर्शन करने उमड़ी भीड़, जमकर हुई खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ सौर्य प्रदर्शन और नृत्य को देखने हजारों की संख्या में क्षेत्रभर के लोग पहुंचे

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर से 3 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे पर बसा ग्राम गौरघाट में शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इसी के साथ मैनपुर क्षेत्र के प्रथम ऐतिहासिक मड़ई और मेला का शुभारंभ पंरपरागत ढंग से से शुरू हो गया। ग्राम गौरघाट में शुक्रवार रात्रि जागरण कर मड़ाई का शुभारंभ किया गया आज शनिवार को दोपहर दो बजे तक पूरे भाठीगढ़ राजभर से देवी-देवताओं की डाग डोली ध्वज ग्राम गौरघाट पहुंची जहां देवी- देवताओं का जोरदार बाजे- गाजे के साथ फूल माला से स्वागत किया गया और क्षेत्र भर से पहुंचे झांकर, पुजारी, बैगा, सिराह, गुनिया ग्राम प्रमुखों द्वारा विशेष पूजा अर्चना के बाद मड़ई बिहाई की गई। देवी- देवताओं की शोभायात्रा निकाली गई। देवी- देवताओं ने पूरे मड़ई का परिक्रमा लगाकर मड़ाई बिहाई रस्म पूरा किया गया। इस दौरान देवी-देवताओं के सौर्य प्रदर्शन और नृत्य को देखने हजारों की संख्या में क्षेत्रभर के लोग पहुंचे हुए थे।




### मत्था टेक परिवारों के कल्याण की कामना की



*क्षेत्रभर के लोगों ने देवी- देवताओं की पूजा अर्चना किया और क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। देर शाम तक देवी देवताओं को पान सुपारी भेंट कर विदाई दी गई, देवी -देवताओं की शोभायात्रा के दौरान हजारों भक्तों ने मत्था टेक अपने परिवारों के कल्याण की कामना की। मड़ई में दूर- दूर से लोग व्यवसाय करने पहुंचे थे। रंग-बिरंगे कपड़ा व अनेक प्रकार के दुकान लगाया गया था और खिलौने की दुकानों ने बच्चों को जमकर आकर्षित किया। जमकर खरीदी बिक्री हुई।*

### रात को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

गौरघाट मड़ाई मेला के दौरान रात में छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे ग्राम गौरघाट को चारों तरफ से सजाया गया है और क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। आज मड़ाई मेला में प्रमुख रूप से क्षेत्र के प्रेमसाय जगत, मुक्तयाज दीवान, छबि दीवान, रायसिंह ध्रुव नाथूराम धुर्वा, आसाराम यादव, ग्राम पंचायत गौवघाट के सरपंच खेलन दीवान, चमरूराम, बंसी पटेल, सोनसाय ध्रुव, महेन्द्र नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, थानु पटेल, दिलबर पटेल, उत्तम पटेल, देहरगुडा के सरपंच डीगेश्वरी साण्डे, लोकेश साण्डे, टीकम कपिल, हरचंद ध्रुव, गयचंद, जन्मजय नेताम, जिलेंद्र नेगी, सहदेव सांण्डे, पवन दीवान, देवन नेताम, चित्रसेन पटेल सहित पूरे क्षेत्रभर के झाकर, पुजारी, बैगा, वरिष्ठ नागरिकगण, क्षेत्रवासी मड़ई मेला में शामिल हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस प्रशासन के जवान तैनात रहे।

---

# 128 पुलिस जवान का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु के मार्ग दर्शन 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विगत दिवस एचआईव्ही एड्स विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कार्यालय रक्षित निरिक्षक गरियाबंद में किया गया। इस अवसर पर कार्यालय रक्षित निरिक्षक गरियाबंद के 128 पुलिस जवानों स्वास्थ्य जांच एचआईव्ही, डायबिटिज जांच, बीपी, टीबी मलेरिया इत्यादि किया गया, एवं शिवम कालेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से एचआईव्ही एड्स के प्रति जन जागरूकता का संदेश दिया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हेतु एडिसन एसपी जितेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि एचआईव्ही किसी भी व्यक्ति को हो सकता है, इस लिए सभी को अपना एचआईव्ही की स्थिति के बारे में जानकारी होना चाहिए।


### मर्यादित व सुरक्षित जीवन शैली अपनाएं

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला नोडल अधिकारी डॉ. अमन हुमने के द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि एचआईव्ही एड्स संक्रमण फैलने के कारण जिसमें असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त संचरण एवं संक्रमित माता से गर्भस्थ शिशु को हो सकता है, की जानकारी दी गई एवं मर्यादित व सुरक्षित जीवन शैली को अपनाते हुए अग्रीम पंक्ति में रहकर जन समुदाय में जन जागरूकता करने हेतु अपील की गई। उक्त कार्यक्रम निशा सिन्हा डीएसपी, गोपाल वैश्य डीएसपी (लाईन) सनत ठाकुर आरआई, डॉ. लक्ष्मीकांत जागडें, डॉ. योगेन्द्र रघुवंशी, डॉ. रूपेन्द्र महिलांगे, श्री उमा शंकर, गजेश्वर, हरि साहू, टीकेश साहू, साधना कश्यप, राजरानी साहू, विजय गजघाटे धीरज शर्मा एवं पुलिस लाईन के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं शिवम कालेज ऑफ नर्सिंग के छात्र छात्राओं उपस्थित थे। सतरूपा चंद्राकर के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

---

# माध्यमिक शाला जरगांव में मनाया गया भाषा उत्सव


**मुड़ागांव(कोरासी)**। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छग रायपुर के तहत कार्यालय जिला परियोजना के आदेशानुसार संकुल केन्द्र जरगांव के माध्यमिक शाला में भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में में भाषा विशेषकर बच्चों के घर की भाषा में सीखने एवं बहुभाषा शिक्षण पर जोर देते हुए बच्चों के द्वारा विभिन्न गतिविधि किया गया। स्कूली स्तर से ही बच्चों में भारतीय भाषा में उपलब्ध समृद्ध साहित्य के प्रति रूचि एवं आदर की भावना विकसित करना। विभिन्न पाठों के बच्चों द्वारा रोल प्ले कर सीखने की शुरुआत की गई। अपन चीज के पीरा छत्तीसगढ़ी कहानी का वाचन किया गया। विजय बेला पाठ



एकांकी का रोल प्ले बच्चों के द्वारा किया गया। दिवार पत्रिका का निर्माण बच्चों के द्वारा किया गया। वहीं कविता लिखने कहा गया। यह उत्सव 11दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। कक्षा के शिक्षक प्रेमनारायण ध्रुव तथा रामेश्वरी मांझी के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। स्थानीय गीत कविता कहानी का संग्रहण करने बच्चों को बताया गया।

# उपार्जन केंद्रों में निगरानी समिति मनोनीत किया गया

**छुरा**। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने धान उपार्जन केंद्रों में निगरानी समिति मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बेज के निर्देश पर सभी केंद्रों में निगरानी समिति के सदस्य मनोनित किया गया है, जो धान खरीदी केंद्र में पहुंचकर किसानों से बात करेंगे और उनकी समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण करेंगे। छुरा चमन साहू, केशव चंद्राकर, जनक ठाकुर, सिवनी में जय राम, प्रताप सिंह, पंचरामोगरे, कनसिघि दयाल राम कुंजाम, राधे सिंह, परमेश्वर ठाकुर, रसेला विगेद्र ठाकुर, कमलेश नायक, डगेश्वर ओटी, दुल्ला विमल ठाकुर, सालिक ठाकुर, विसे ठाकुर, पीपरछेड़ी सुखदेव ध्रुव, धनराज सोरी, लखन ध्रुव, साजा पाली मन्नू चौहान, हेमराज पटेल ,चेतन बंजारे, कोसमी गोपाल दिवाकर, गोपी राम यादव, भानु ठाकुर, चरोदा चेतन ठाकुर, मोतीराम, डिगेश ठाकुर, परसदा खुर्द सोहन ठाकुर, खेलन ठाकुर, रवि पटेल, पाटसिवनी रिखी राम राम यादव,



दशरथ बरिहा, अमर सिंह सोरिद अमृत निर्मलकर, राकेश ध्रुव, मानिक राम साहू, रानी परतेवा मनहरण साहू, घेवरचद निषाद, ज्ञात राम दीवान, खड़मा भागेश्वर ठाकुर, संतूराम यादव, लोकेश ठाकुर, लोहझर भानु प्रताप वर्मा, शिव दर्शन ध्रुव, श्याम लाल पटेल, पंक्तियां रमेश कुमार चंद्राकर, भगवान ठाकुर, छबि राम ध्रुव, अकलवारा, पूरन लाल ठाकुर, केवल कवर, विजय यादव, पांडुका गजेंद्र साहू, राजू निषाद, खोवा लाल शर्मा, साकरा गिरवर साहू, श्यामलाल ध्रुव, पोड़ सतीष चौरे, महेंद्र कुमार साहू, शिशुपाल को मनोनीत किया गया है।

# उपार्जन केंद्र चरौदा में मिल रही सुविधाओं से किसान संतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

धान समर्थन मूल्य पर खरीदने एवं उपार्जन केन्द्र चरौदा में किसानों को मिल रही सुविधाओं से छुईहा, चरौदा, जोगीडीपा, कुण्डेल, जमाही, सिर्रीखुर्द, बोडकी, फुलझर के आन्नद चरभट्ठी, तोरण जोगीडीपा, गोपाल सिर्रीखुर्द, हूलास निर्मलकर, मस्तुराम, चेतन सिन्हा, दुर्गाप्रसाद सिन्हा चरौदा, अहमद खान कुण्डेल, भोजराम सिर्रीखुर्द, टिकेश सिर्रीखुर्द, नाजिर खान, अशोक निर्मलकर, नंदा ,बोधन श्रवण, नुतन साहू जैसे इत्यादि सैकड़ों अन्नदाता किसान अत्याधिक प्रसन्न है एवं उत्साह पूर्वक अपने उपज का विक्रय निर्धारित मात्रा की वजन 40.700



किलोग्राम खरीदी केंद्र में पहुंचा कर बेच रहे हैं। वही समीति प्रबंधक संतु साहू, नवनियुक्त प्राधिकृत ईतवारी राम सिन्हा, सह अभय राम सिन्हा, धान तौलाई के वक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटा पर सतत निगरानी कर रहे हैं। वहीं किसान प्रसन्नचित्त संतुष्टि मुद्रा में हामी भर रहे हैं। तथा लेखा कांउटर प्रभारी हेमन्त साहू, आपरेटर रूपेन्द्र साहू कागजी कार्रवाई सही कराने में सहयोग कर रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा प्राधिकृत ईतवारी राम सिन्हा ने कहा की राज्य शासन द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ व 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही। वर्तमान में 72 घंटा के अन्दर समर्थन मुल्य की राशि किसान के खाता में भेजने कार्रवाई कर रहे हैं।

---

# अयान मेमन ने 1950 किमी की दूरी सायकल से तय कर पहुंचा अजमेर



**मैनपुर**। जिले के देवभोग निवासी 22 वर्षीय युवा अयान मेमन ने 24 दिनो में 1950 किमी की सफर सायकल से तय कर हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी हसन संजरी अलैहिर्रहमां ख्वाज गरीब नवाज की दरगाह में पहुंचकर पूरे देश में सुख, समृद्धि -खुशहाली की दुआ मांगी। ज्ञात हो कि देवभोग के राजापारा निवासी 22 वर्ष अयान मेमन ने सायकल से अजमेर शरीफ की यात्र देवभोग के दरगाह से 11 नवंबर को शुरू किया था जो 4 दिसंबर को अजमेर पहुंचा। अयान पेशे से कॉलेज छात्र हैं फिलहाल वे प्रकृति को बचाने एवं देश में आपसी भाई चारा का संदेश देने के लिए यह सफर शुरू किया था, अयान ने अपने साथ सायकल के अलावा रोजमर्रा के जरूरत के समान साथ रख यह सफर शुरू किया था। उन्होंने कहा कि रास्ते में पड़ने वाले दरगाह व मस्जिद में रात बिताई, तमाम मुश्किलात को पार कर हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के दरबार में हजारी लगाई, यह सफर करीब 24 दिनों में तय कर ख्वाजा गरीब नवाज के दरबार में देश में अमन चैन की दुआ मांगी। साथ ही उन्होंने बताया कि अपनी साइकिल पर सफर के दौरान कपड़ा, बिस्तर व अन्य रोजमर्रा के सामान रख सफर शुरू किया। इस सफर में वे रास्ते भर मोहब्बत और भाईचारगी का पैगाम बांटते हुए अजमेर पहुंचा। अजमेर दरगाह पर पहुंच कर मुल्क की तरक्की की दुआ भी किया। आयान मेमन ने हरिभूमि को बताया वे देवभोग, मैनपुर, रायपुर, बिलासपुर, शहडोल, कटनी, आगरा, दिल्ली, जयपुर होते हुए अजमेर पहुंचे और अभी अजमेर में है यहां से दिन दिनो बाद वापसी करेगें। इस दौरान उन्होने पर्यावरण प्राकृति बचाने का संदेश भी दिया और हर जगह उन्हे लोगो ने खुब सहयोग किया हर जगह भाईचारा और प्यार देखने को मिला सभी समाज वर्गो के लोगों ने उनका सहयोग किया।



# छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर की सफाई की

**छुरा**। शासकीय महाविधालय कचना धुर्वा छुरा में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय प्रांगण की साफ -सफाई की गई। स्वच्छता कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे एवं जानकारी दी गई कि हर शनिवार यह कार्यक्रम निरंतर चलता रहता है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपकुमार ध्रुव भी सहभागी बने, साथ ही स्वच्छता के संबंध शासन के द्वारा संचालित अभियान, प्रोत्साहन एवं सम्मानित किए जाने के सम्बन्ध में जानकारी दिया गया। स्वेच्छा से स्वच्छता के लिए सप्ताह में कम से कम 2 घंटे श्रमदान के लिए प्रेरित किया गया।

# रसेला में आज अगहन जात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छरसेला

ग्राम रसेला, कुडेरादादर, मेडकीडबरी में 8 दिसंबर को अगहन जात्र (गांव बनाई) का कार्यक्रम संपन्न होगा। यहां जात्रा गांव के सभी किसानों का फसल खेत से खलिहान तक आ जाने में या अगहन माह में ही मनाया जाता है। यहां जात्र आस-पास के गांवों में अपने अपने सुविधा के अनुसार रखते हैं, कई गांवों में धूमधाम से मनाया गया और कई गांवों जात्र मनाने का सिलसिला जारी है। इस दिन सारा कामकाज पूरी तरह बंद रहता है। इस दिन गांव के बैगा द्वारा सुबह से गांव के सभी देवी- देवताओं की विधिवत पूजा अर्चना कर गांव की सुख समृद्धि की कामना करते हैं। कई गांवों में जात्र के दिन गांव के देवी देवताओं में बकरा, मुर्गी की बलि भी दी जाती है। जिससे सभी गांवों वालों को प्रसाद के रूप वितरण किया जाता है, और यहां प्रसाद घरों में लाना वर्जित रहता है जिससे गांव वाले शीतला मंदिर के आसपास घर से सामना लेकर जाते हैं और बनाकर ग्रहण करते हैं। मालूम हो कि 10 से 15 वर्ष पहले क्षेत्र के सभी किसानों के खलिहान में खरही देखने को मिलता था। और यहां भी गांव में नियम था कि अगहन जात्र मनाने के बाद ही किसान मिसाई करते थे। आज बदलते परिवेश और आधुनिकता युग में जब से हार्वेस्टर, थेस्त्रर




आया है तब से किसानों के खलिहान में खरही देखने को नहीं मिलता है। अब तो किसान जात्र मनाने के पहले मिसाई पुरा कर लेते हैं। आज सभी ग्रामीण शीतला मंदिर में इक्ट्ठा हो कर माता शीतला की पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना करेंगे। साथ ही साथ गांव के विकास संबंधी व अन्य चर्चा भी किया जाता है। ग्राम कुडेरादादर के ग्राम प्रमुख नारायण सिंह ठाकुर, बीरेंद्र ध्रुव, केजू राम ध्रुव, घनश्याम साहू, कृष्णा साहू, भीखम साहू, झवर अग्रवाल वहीं रसेला से गांव के बैगा भागवत कोमर्रा, ग्राम पटेल लोकराम यादव सहित सभी ग्राम प्रमुख जात्र को मनाने में जुटे हुए हैं।

---

**कचना ध्रुवा महाविद्यालय में हुआ युवा महोत्सव**

# युवा समाज की रीढ़ है : जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन शासकीय कचना ध्रुवा महाविद्यालय छुरा प्रांगण पर 6 दिसंबर को आयोजित किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष तोकेश्वरी माझी, नगर पंचायत पार्षद मीना चंद्राकर, रजनी लहरे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.एच. पटेल अतिथि की आसंदी पर विराजमान हुए। अतिथियों द्वारा मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी, वीणापाणी मां शारदे एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर तिलक वंदन एवं दीप प्रज्वलन के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। तोकेश्वरी माझी ने कहा कि



युवा, समाज की रीढ़ है। उन्हें साहित्यिक, सांस्कृतिक क्षेत्रों में भाग लेकर विशिष्ट पहचान बनानी चाहिए। प्राचार्य पटेल ने कहा कि युवा ऊर्जा का अकूत भंडार है। सही दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन से नैतिक विकास संभव है। मीना चंद्राकर एवं रजनी लहरे ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के संयोजक नोडल अधिकारी रेवेंद्र दीक्षित ने महोत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा प्रतिभाओं को तराशने, यथोचित मंच प्रदान करने के लिए प्रतिवर्ष युवा उत्सव आयोजित किया जाता है। यह उत्सव लोक साहित्य सृजन की आधारशिला है।

### प्रत्येक व्यक्ति हुनरमंद होता है

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि खोमन चंद्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष थे।विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा पार्षद हरीश यादव, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विनीत साहू, डीपी सिंह, प्रोफेसर सिकरवार मंचासीन रहे। खोमन चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति हुनरमंद होता है। उसे निखारने के लिए समय-समय पर आयोजन होते रहना चाहिए। पारम्परिक वेशभूषा में हमारी संस्कृति का मौलिकता से प्रदर्शन ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। सरपंच गोकुल ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता शीतल ध्रुव, पुनीत ठाकुर, वरिष्ठ लोकगीत गायक से.नि.व्याख्याता केआर सिन्हा ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। लोक नृत्य में विकासखंड के ख्याति प्राप्त दलों ने भाग लिया जिसमें गोंडी नृत्य, सरहुल, सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य, राउत नृत्य का प्रदर्शन किया। लोकगीत में भरथरी, पंडवानी, बस्तरिहा गीतों की प्रस्तुति हुई। युवा उत्सव का सफ़ल एवं प्रेरणादायी संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा और संकुल समन्वयक खोरबाहरा निषाद ने किया। कार्यक्रम की सफलता में सहायक प्राध्यापक रागिनी ठाकुर, शिक्षक जागेश्वर ध्रुव, खिलेश साहू, बीआर टंडन, श्रीमती राजेश्वरी ठाकुर, श्रीमती चंद्रिका साहू, रीतु साहू, रिंकी सेन, पल्लवी, जिज्ञासा, चांदनी, जितेंद्र, संतोष, छत्तर, संजना, मितेश सिन्हा, गौरव ध्रुव आदि का विशेष सहयोग रहा।

# प्रधानपाठक अंतेश्वरी ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय प्राथमिक शाला कौंदकेरा के प्रधानपाठक अंतेश्वरी निराला ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री सुपोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंर्तगत न्योता भोज कराया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चे, शिक्षिका दुर्गा साहू, बीआरसीसी सुभाष शर्मा, संकुल समन्वयक नरेश साहू, प्रधानपाठक सुनीता चतुर्वेदी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक शोभाराम साहू, राजेश ध्रुव, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति लक्ष्मी साहू, आसो बाई विश्वकर्मा, लता साहू, उत्तरा साहू, तेज यादव, सरस्वती बाई, फूलेश्वरी बाई, हरिलाल साहू मौजूद



थे। न्योता भोज में नमकीन , बिस्किट, मिठाई, बड़ा, पुड़ी खीर, दाल, चावल, सब्जी परोसा गया।